तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 17 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 नई रेल लाइन परियोजना के लिए दो दर्जन गांव के जमीन की खरीदी...

14 इन्द्र वृष्टि यज्ञ में गूंजा जल संकट का स्वर


## खबर संक्षेप

### दबंगई दिखाने वाले चार युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** शोभायात्रा के दौरान युवक शराब पीने के लिए रुपए की डिमांड कर रहे थे। इस दौरान आरोपियों ने युवक के पेट पर चाकू से हमला भी किया था। पुलिस चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि वार्ड 3 नाकापारा जामुल निवासी छोटू निर्मलकर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा निकाला था। शोभायात्रा दुर्गा मंदिर के पास पहुंचा ही था। इस दौरान श्रमिक नगर जामुल निवासी राजेश कुमार, शीतला पारा हथखोज सूरज पासवान, एफसीआई गोदाम के पास हथखोज चन्द्रप्रकाश ढीमर, शीतला पारा हथखोज थाना भिलाई तीन करन कुमार राजभर चारों पहुंचे। शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड कर रहे थे। रुपए देने से इंकार करने पर छोटू के साथ हाथ मुक्के से मारपीट करने लगे। चाकू से युवकों ने पीड़ित के पेट पर वार कर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने आरोपी राजेश, सूरज,चन्द्रप्रकाश, करन को गिरफ्तार किया।

### स्टंटबाजी करने वाले बाइकर्स पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**भिलाई।** शहर की सड़कों पर स्टंटबाजी करने वाले बाइकर्सो के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस के पास एक वीडियों पहुंचा, जिसमें युवक बाइक को स्टंटबाजी करते दिख रहा था। पुलिस ने युवक की खोजबीन करने के बाद उसके खिलाफ कार्रवाई कर दो हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि सड़क पर ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। सड़क पर कभी बाइकर्स स्टंट न दिखाए बल्कि नियमों का पालन कर वाहन चलाए। ट्रैफिक पुलिस के पास वीडियो को सेंट्रल एवेंन्यु मार्ग में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर युवक हीरोपंती कर रहा था। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक राजकुमार दुबे, आरक्षक घनश्याम दुबे, आरक्षक राहुल सोनी ने बाइक के नंबर को ट्रेस कर वाहन मालिक तक पहुंच गई।


### एक साथ पले-बढ़े, अनहोनी ऐसी कि मौत के बाद चिता भी जली साथ

**भिलाई।** तांदुला नहर सेलुद के पानी के बहाव में डूबे दो दोस्तों के शव को एसडीआरएफ की टीम ने तीसरे दिन खोज निकाला है। दोनों का अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में गमगीन माहौल में किया गया। सबसे अहम बात तो यह है कि बचपन से ही दोनों एक साथ खेलेैर स्कूल में भी साथ में पड़े। इन दोस्तों की नौकरी भी साथ में मंत्रालय में लगी। अनहोनी ऐसी थी कि दोनों की मौत भी साथ में हुई। मिली जानकारी के मुताबिक आनंद नगर धनोरा निवासी प्रहलाद यादव और कसारीडीह दुर्ग नंद किशोर ध्रुर्वे, आकाश चंद्राकर के साथ कार में घूमने के लिए धमतरी माता का दर्शन कर घर लौट रहे थे।

**योजना : 15 से 30 अप्रैल तक चलेगा मोर दुआर-साय सरकार महाभियान**

# खाद्य मंत्री बघेल ने हितग्राहियों के घर पहुंचकर किया सर्वे, ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने ग्राम पंचायत नादघाट में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए मोर दुआर-साय सरकार के तहत हितग्राहियों कृष्णा बाई और मुनिया यादव के घर पहुंचकर स्वयं सर्वेक्षण किया। कृष्णा बाई वर्मा जाति सामान्य अन्य पिछड़ा वर्ग कार्य मजदूरी कृषि करती है । मुनिया यादव एकल विधवा जाति सामान्य अन्य पिछड़ा की मजदूरी करती है । मंत्री श्री बघेल ने कृष्णा बाई, मुनिया यादव सहित परिजनों का मुंह मीठा कराया कुशलक्षेम पूछा और उन्हें पुष्पगुच्छ भी दिए।

■ ग्रामीणों के पक्के मकान का सपना पूरा होगा

मंत्री श्री बघेल ने जब हितग्राही कृष्णा बाई एवं मुनिया के घर पहुंचे उनके परिवार की जानकारी ली । साथ दोनों हितग्राहियों ने कहा कि उनका परिवार वर्षों से पक्के मकान का सपना देख रहा था, जो अब इस योजना के तहत पूरा होता नजर आ रहा है। मंत्री श्री बघेल ने 'आवास प्लस 2024 (2.0)' मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वे किया। खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को पक्का और सुरक्षित घर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण कार्य समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरा किया जाएगा, ताकि हर जरूरतमंद को योजना का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि कोई भी परिवार बिना पक्के मकान के न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वेक्षण के माध्यम से जो भी पात्र परिवार सामने आएंगे, उन्हें जल्दी योजना में सम्मिलित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल, एसडीएम श्रीमती दिव्या पोटाई, सरपंच, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### अंतिम रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजेंगे

मालूम हो कि 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर जिले के ग्राम घाटपदमपुर से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए प्रदेशव्यापी मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का शुभारंभ किया था । यह महाभियान तीन चरणों में संचालित होगा। पहले चरण में 15 से 19 अप्रैल के बीच जिला और ब्लॉक स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। दूसरे चरण में 20 से 28 अप्रैल तक सभी ग्रामों में ग्राम सभाएं आयोजित कर घर-घर जाकर पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा। तीसरे चरण में 29 और 30 अप्रैल को सभी सर्वेक्षणों की पुष्टि, ग्राम सभा की स्वीकृति और सत्यापन कर अंतिम रिपोर्ट तैयार कर राज्य कार्यालय को भेजी जाएगी।

# ईंट से भरा वाहन चोरी करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले की कंडरका पुलिस चौकी की टीम ने चोरी गए ईंट से भरे बोलेरो पिकअप के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन समेत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जब्त वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 8 लाख रुपए बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लीलाधर निषाद (24 वर्ष), निवासी कंडरका ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया था 14 अप्रैल की रात लगभग 10 बजे उसने बोलेरो पिकअप क्रमांक सीजी 04 पीए 2820 अपने घर के सामने खड़ी की थी। सुबह 4 बजे उठने पर वाहन गायब पाया गया। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

■ सामान सहित वाहन किया गया बरामद

टीम द्वारा तत्परता से जांच करते हुए आरोपी गोपी मंडावी (26 वर्ष), निवासी भटगांव, थाना परपोडी को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया बोलेरो पिकअप वाहन ईंट लोड सहित बरामद कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई जारी है। कार्रवाई में उप निरीक्षक राजकुमार साहू, सउनि तुलाराम देशमुख, प्रधान आरक्षक पोषण साहू, आरक्षक डागेश्वर वर्मा, योगेश साहू, दिनेश साहू सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# नगर में झूलते बिजली तारों से बढ़ा खतरा, नपं अध्यक्ष ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



नगर में जगह-जगह झूलते बिजली के तार और जर्जर खंभे अब लोगों की जान के लिए गंभीर खतरे का कारण बनते जा रहे हैं। इस समस्या के प्रति नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष सिंद्धान्त चौहान ने गंभीर चिंता जताते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

■ समय रहते इस समस्या का समाधान न होने पर हो सकता है बड़ा हादसा

नगर के मुख्य बाजार, स्कूलों के आसपास और रिहायशी इलाकों में कई स्थानों पर बिजली के तार झूलते हुए देखे जा सकते हैं, जो खासकर बारिश और तेज हवाओं के दौरान और भी खतरनाक हो जाते हैं। झूलते तार न केवल विद्युत आपूर्ति को प्रभावित करते हैं, बल्कि आम नागरिकों की जान के लिए भी एक बड़ा खतरा बन गए हैं। इस प्रकार के तारों से दुर्घटनाएं बढ़ने की संभावना बनी रहती है, और कई बार यह समस्या बच्चों और राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनती है। यह समस्या कुछ साल पहले एक भयावह हादसे का कारण भी बन चुकी है, जब अंधियारखोर में झूलते तारों की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई थी। वहीं, झाल गांव में एक दशगात्र कार्यक्रम के दौरान बिजली के झूलते तारों ने एक बड़ी दुर्घटना को जन्म दिया था। उस दिन आंधी और तूफान के कारण टेंट का पाइप बिजली के तार से टकरा गया, जिससे करंट लगने से कई लोग घायल हो गए थे। यह हादसा स्थानीय नागरिकों के लिए एक गंभीर चेतावनी साबित हुआ, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन और संबंधित विभाग ने समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया। नगर पंचायत अध्यक्ष चौहान ने कहा कि यह मामला नगर के लिए एक बड़ी सुरक्षा चिंता बन चुका है, और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से इस समस्या के तत्काल समाधान के लिए निरीक्षण और मरम्मत कार्य शुरू करने की अपील की है। साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस गंभीर समस्या का समाधान जल्दी नहीं किया गया, तो नगर पंचायत की ओर से जनहित में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### दुर्घटनाओं में हो सकता है इजाफा

नागरिकों का मानना है कि यदि प्रशासन और विभाग इस समस्या का समाधान जल्दी नहीं करते हैं, तो आने वाले समय में दुर्घटनाओं में इजाफा हो सकता है। नगर में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करना अब प्रशासन के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि जनजीवन सुरक्षित और सुचारू रूप से चल सके। इस गंभीर समस्या का समाधान नगर के नागरिकों की सुरक्षा और उनके दैनिक जीवन को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है।

## भाजपा नेता पर दुष्कर्म का आरोप, एससी-एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज

**बेमेतरा/थान खम्हरिया।** थाना थान खम्हरिया क्षेत्र में एक अनुसूचित जाति की युवती ने भाजपा नेता एवं कन्या शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राहुल छाबड़ा पर दुष्कर्म, मारपीट और जातिसूचक गालियों के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर सात वर्षों तक दैहिक शोषण किया। पीड़िता ने 15 अप्रैल को थाने में दर्ज शिकायत में बताया कि जब वह आरोपी के घर पहुंची तो राहुल की बहन और पिता ने उसे घर में घुसने से रोका, मारपीट की और जातिसूचक गालियां देते हुए तलवार लहराकर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि परिजनों ने पीड़िता की बहन और भाभी के साथ भी मारपीट की और मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने राहुल छाबड़ा और उसके पिता प्रताप छाबड़ा के खिलाफ ▶▶| शेष पेज 14 पर

■ सात वर्षों तक शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण, पीड़िता ने की गिरफ्तारी की मांग




## परपोड़ी बिरनपुर कला में शिव महापुराण कथा आज से

**परपोड़ी।** ग्राम बिरनपुर कला में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का आयोजन 17 से 23 अप्रैल तक सम्पन्न होगा। शिव महापुराण कथा का समय दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक है। कथा के व्यासपीठ पर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्य दंडी स्वामी श्री ज्योतिर्मयानंद सरस्वती रहेंगे। कथा की तैयारी विगत कई दिनों से लगातार जारी है। बिरनपुर कला निवासी गणेश राम साहू एवं प्यारी बाई साहू ने आसपास के ग्रामवासियों को आत्मीय आमंत्रण दिया है।




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

**तंबोली के प्रयासों से मिली राहत**

# वार्ड 11 के जलसंकट का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



वार्ड नं 11 के पंजाबी पारा अरोरा गली दुर्ग रोड में वर्षों से जलसंकट से जूझ रहे निवासियों को अब पानी की समस्या से राहत मिल गई है। यह सफलता विधायक दिपेश साहू के नेतृत्व, नगर पालिका के अध्यक्ष विजय सिन्हा के सहयोग और वार्ड पार्षद विकास तंबोली के अथक प्रयासों से संभव हुई है।

पार्षद विकास तंबोली ने बताया कि चुनाव के दौरान वार्डवासियों ने विशेष रूप से मारवाड़ी पारा और सिंघानिया गली में पानी की भारी कमी और पाइपलाइन में गड़बड़ी की समस्या को प्रमुखता से उठाया था। इसके समाधान के लिए तंबोली ने वादा किया था, जो अब पूरा हुआ है।

वर्षों से पानी की किल्लत से जूझ रहे इस क्षेत्र के निवासियों को टैंकर से पानी की आपूर्ति मिलती थी, लेकिन यह स्थिति कई महीनों तक जारी रही। पानी के लिए घरों से बाल्टियां भरने की कठिनाई और मानसिक तनाव से गुजर रहे लोगों को अब राहत मिली है। पार्षद विकास तंबोली ने कहा कि चुनाव के बाद जब पूरे नगर में जल संकट गहरा गया, तो हमारी प्राथमिकता इस क्षेत्र की पानी की समस्या को हल करना था। कई स्तरों पर सभी का सहयोग प्राप्त हुआ और अब पानी घर-घर पहुंचने लगा है।

### ये भी रहे शामिल

इस अवसर पर वार्ड के अन्य समाजसेवी भी उपस्थित रहे, जिनमें नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, गणेश शर्मा, महेश शर्मा, सुनील शर्मा, अशोक शर्मा, परस पाटकर, राजकुमार सलूजा, और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

# मध्यम कुपोषित को सामान्य श्रेणी में लाने अफसर फील्ड में करें कामः मंत्री

**महिला एवं बाल विकास मंत्री ने ली समीक्षा बैठक, अफसरों को दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज दुर्ग के सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था, पोषण की गुणवत्ता और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मंत्री ।जवाड़े ने कहा कि परियोजना अधिकारी नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें। जिन केंद्रों में सुविधाओं की कमी है, वहां त्वरित कार्रवाई की जाए। बच्चों को मिलने वाला पोषण गुणवत्तापूर्ण हो, इसकी ज़म्मिदारी अधिकारियों की है। उन्होंने 'पोषण ट्रैकर में 100 प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्व-सहायता समूहों के साथ समन्वय बढ़ाने की बात कही, ताकि उन्हें रेडी-टू-ईट, स्थानीय उत्पाद निर्माण एवं विपणन से जोड़ा जा सके और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सके।

**खास बातें**

- कुपोषित बच्चों पर विशेष फोकस करने के निर्देश
- मंत्री के साथ विधायक भी रहे शामिल, कहा अफसर फील्ड पर करे काम
- समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

### नियुक्तियों की भी ली विस्तार से जानकारी

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि जिन क्षेत्रों में योजनाओं का क्रियान्वयन धीमा है, वहां ज़िला अधिकारी और परियोजना अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी लें और कार्ययोजना बनाकर काम करें। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियुक्तियों की भी जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है।



### जिले में 770 कुपोषित बच्चे

बैठक में बताया गया कि जिले में 770 गंभीर रूप से कुपोषित और 5669 मध्यम कुपोषित बच्चे हैं। इस पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने निर्देश दिए कि मध्यम कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर शीघ्र कार्रवाई की जाए। उन्होंने परियोजना अधिकारियों को कहा कि कार्यालयों तक सीमित न रहकर फील्ड में जाएं और जमीनी स्तर पर कार्य करें। इस समीक्षा बैठक में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, एडीएम अरविन्द एक्का, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### युवती ने की ठगी

**भिलाई।** सिम कार्ड का झांसा देकर ठगी करने के मामले में पुलिस ने ज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 420, 419 के तहत कार्रवाई किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि सडक नंबर 50 क्वा 9/अ जोन 2 खुर्सीपार निवासी रियाजुल होदा इलेक्ट्रीशियन है। ओम लॉज खुर्सीपार के पास एक युवती सिम बेच रही थी। युवती ने आधार कार्ड से लाईव फोटो व बायोमेट्रिक लेकर पीड़ित के जानकारी के बगैर अन्य को सिम आबंटित कर ठगी किया।

### पांच जुआरी गिरफ्तार 92 हजार 270 रु बरामद

**भिलाई।** जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने यश उर्फ नमनदीप के घर के छत पर बाबादीप सिंह कालोनी भिलाई में दबिश दिया। जहां से पुराना मछली मार्केट शिवाजी चौक प्रेमप्रकाश चौधरी, यश उर्फ नमनदीप, शर्मा कालोनी खजुर लाईन केम्प 2 पंकज, मिलन चौक केम्प 2 सचिन, विमलेश साव को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से पुलिस ने कुल 92 हजार 270 रुपए और ताश पत्ती जब्त किया।

### सिम पोर्ट के नाम पर ठगी

**भिलाई।** सिम पोर्ट कराने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468 भादवि, 66 (सी) आईटी, एक्ट एवं टेली कम्युनिकेशन एक्ट 42(3) (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि इंदिरा चौक स्टेशन मरोदा थाना नेवई निवासी ललित कुमार पारधी अप्रैल 2024 में एयरटेल का सिम बेचने वाला आरोपी आशीष मेंडेकर स्टेशन मरोदा में बेचने आया था। आरोपी के पास पीड़ित सिम पोर्ट कराने पहुंचा था। उसने आधार कार्ड व बायोमैट्रिक लेकर तकनीकी समस्या बता कर आधार कार्ड का दुरूपयोग कर ठगी किया।

### बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**सेलूद।** पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से महुदा सेक्टर के झीठ हॉस्पिटल में 33 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण।

### कलेक्टर ने किया आदेश जारी, खरीदी बिक्री और नामांतरण पर लगाई रोक

# नई रेल लाइन परियोजना के लिए दो दर्जन गांव के जमीन की खरीदी-बिक्री पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

परमालकसा से नया रायपुर होते हुए खरसिया तक प्रस्तावित नई रेल लाइन के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भू-अर्जन की प्रक्रिया के पहले भूमि के बटांकन और छोटे टुकड़ों में अंतरण की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर दो दर्जन गांव की भूमि के अंतरण, बटांकन, व्यपवर्तन और भूमि के खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस आदेश के जारी होने के बाद वह माफियाओं में खलबली मच गई है।

उल्लेखनीय है कि, केंद्रीय रेल मंत्रालय ने परमालकसा से नया रायपुर होते हुए खरसिया तक नई रेल लाइन पर अपनी हरी झंडी दिखा दी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर ने जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की है। जिसके पहले चरण खरीदी पर रोक में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने नई लाइन के लिए भूमि अधिग्रहित करने की प्रक्रिया तक 23 गांव की जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाई है।



प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि भू-अर्जन प्रक्रिया के पहले भूमि का बटांकन, छोटे टुकड़ों में अंतरण एवं प्रयोजन में परिवर्तन के कारण इसकी लागत में अप्रत्याशित वृद्धि हो जाती है। जमीन दलाल और भू-माफियाओं द्वारा लाभ अर्जित किया जाता है। यही कारण है कि भूमि अर्जन प्रक्रिया के पहले प्रशासन ने यह आदेश जारी किया है। नई रेल लाइन को हरी झंडी मिलने के साथ ही पिछले कुछ दिनों से शहर के भू-माफिया प्रस्तावित रेल लाइन के समीप के गांवों में लगातार खरीदी-बिक्री में जुट गए थे। यही कारण है कि प्रशासन द्वारा प्रतिबंध का आदेश जारी किए जाने से जमीन दलालों और भू-माफियाओं में खलबली मच गई है।

### तत्काल प्रभाव से लागू होगा आदेश

प्रस्तावित रेलवे लाईन की जानकारी होने के बावजूद कुछ लोग और दलाल बिना किसी वैध अनुमति या कानूनी जांच के जमीन के लेन-देन में लिप्त हो जाते है। इससे न केवल ग्रामीणों को भविष्य में समस्याओं का सामना करना पड़ता है, बल्कि इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक परियोजना के क्रियान्वयन में भी बाधा उत्पन्न हो सकती है। उक्त रेलवे लाइन के अभिसरण क्षेत्र में आने वाली सभी भूमियों की खरीद-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने हेतु अनुरोध किया गया। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम 2024 छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन द्वारा धारा 165, 172 एवं 178-ख के संशोधित प्रावधानों के अनुसार अपेक्षक निकाय से प्रस्ताव प्राप्त होने के पश्चात या अर्जन हेतु अधिसूचना जारी होने के पश्चात भू-अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का खाता विभाजन, अंतरण, व्यपवर्तन प्रतिषिद्ध किया गया है।

### दुर्ग में 13 और पाटन में 10 गांव होंगे प्रभावित

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा परियोजना नई रेलवे लाइन में प्रभावित पाटन अनुभाग के सम्मिलित ग्राम-ठकुराईनटोला, बठेना, देमार अरसनारा, नवागांव, देवादा, सांतरा, मानिकचौरी, बोहारडीह, फेकारी, धौराभाठा तथा दुर्ग अनुभाग के सम्मिलित ग्राम घुघसीडीह, खोपली, बोरीगारका, पुरई, कोकड़ी, कोड़िया, भानपुरी, चंदखुरी, कोनारी, चंगोरी, बिरेझर, थनौद कुल 23 ग्रामों के निजी भूमि का खाता विभाजन, अंतरण, व्यपवर्तन, खरीदी-बिक्री आदि को प्रभावित ग्रामीणों के हितों की रक्षा और परियोजना के कार्यान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक अस्थायीरूप से प्रतिबंधित किया है।

### बस स्टैंड का होगा विस्तार

# विधायक ने अधिकारियों के साथ किया स्थल निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्थानीय बस स्टैंड का विस्तार होगा, बस में सफर करने वाले यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय सहित आधुनिक सुविधाए होंगी, बड़े शहरों के तर्ज बस स्टैंड का नवनिर्माण करने संबंधित शहर विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह, निगम आयुक्त ने विभागीय अधिकारी और इंजिनियर के साथ होने वाले विकास कार्य के लिए सभी पहलुओं पर स्थल निरिक्षण कर ले आउट बनाने निर्देश दिए। दुर्ग शहर के बरसों पुराने बस स्टैंड का कायाकल्प किया जाना है। लगातार बसों की बढ़ती संख्या और पुराने समय के अनुरूप बने बस स्टैंड को लेकर जनता द्वारा इसका विस्तार करने की मांग हो रही थी जिसे विधायक गजेन्द्र यादव ने संज्ञान में लिए और जिला मुख्यालय होने के कारण जिलेभर से बड़ी संख्या में आने जाने वाले यात्रियों की सुविधा का विस्तार करते हुए सभी आवश्यक कार्य किये जाने स्थल निरिक्षण कर आगामी समय के अनुसार प्लानिंग करके बस स्टैंड तैयार करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार सभी क्षेत्रों में विकास करने निरंतर काम कर रही है। दुर्ग को विकसित शहर बनाने की दिशा में बस स्टैंड का विस्तार महत्वपूर्ण कदम होगा।

### इंजीनियरों की टीम भी रही शामिल

इंजिनियरो की टीम ने बस स्टैंड के विस्तार में यात्रियों की सुविधा में क्या क्या बेहतर हो सकता है, नई व्यवस्था में दुर्ग से जाने वाले बसों के रूट अनुसार बस खड़े होने का निर्धारित स्थान रहेगा। यात्री प्रतीक्षालय, टॉयलेट, व्यापारीक काम्प्लेक्स रहेगा। स्थल निरिक्षण में विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर, एसडीएम, निगम आयुक्त, पीडब्लूडी, सिंचाई विभाग के इंजिनियर और अधिकारी उपस्थित रहे उन्होंने पीडब्लूडी और सिंचाई विभाग के लाइट मशीनरी और विद्युत यांत्रिकी कार्यालय के खाली स्थल का निरिक्षण किये। उक्त जमीन को अधिग्रहण करने और ले आउट बनाने निर्देश दिए। यात्री बसों की संख्या अधिक होने के कारण बस स्टैंड के भीतर नहीं जा पाते मुख्य मार्ग में बसे खड़ी रहती है जिसके कारण ट्रैफिक बढ़ने लगा है।

### सुपेला थाना की घटना

# रोबोस्ट प्रोटेक्टिव फार्मिंग सॉलूशन्स संचालकों ने की अमानत में खयानत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जमीन के नाम लोन दिलाने का झांसा देकर अमानत में खयातन करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 420,406,120 बी के तहत जुर्म दर्ज किया है।

सुपेला पुलिस ने बताया कि एसबीआई कालोनी प्लाट 137 निवासी यज्ञदत्त शर्मा खेती किसानी एवं माइनिंग का काम करता है। वर्ष 2021 रोबस्ट प्रोटेक्टिव फार्मिंग सॉलूशन्स के संचालक रानी शर्मा ,सुंधाशु शर्मा, हिमाशु शर्मा एस.बी.आई. कालोनी जुनवानी स्थित मकान में पॉली हाऊस, नेट हाऊस में सब्जी की खेती करने पर 5 लाख रुपए प्रति एकड़ प्रति साल किराया की बातचीत हुई थी। जमीन




पर लोन दिलाने का झांसा देकर ऋण पुस्तिका और दस्तावेज को बैंक के बंधक रख कर 90 लाख रुपए लोन सेक्सन कराया था। पीड़ित और आरोपियों के फर्म के मध्य एक अनुबंध हुआ था। बैंक आफ इडिया के टर्म लोनसे 63 लाख रुपए, बैक आफ इडिया से मार्जिंग मनी 15 लाख 40 हजार रुपए के कुल 78 लाख 40 हजार रुपए को रोबस्ट प्रोटेक्टिव फार्मिंग सॉलूशन्स के युको बैंक इंदिरा पैलेस सिविक सेन्टर के खाते में रुपए ट्रांसफर किया। रोबोस्ट प्रोटेक्टिव फार्मिंग सॉलूशन्स के द्वारा पॉली हाऊस एवं नेट हाऊस का निर्माण नही कराया गया। परेशान होकर पीड़ित ने अपनी रकम आरोपियों से लौटाने की बात कहीं तो 20-20 लाख के दो चेक दिया लेकिन खाता में रकम होने के बाद भी चेक को स्टोप पेमेन्ट कर चेक अनादरित किया गया। पीड़ित के बिना जानकारी के 10 लाख रुपए आरटीजीएस किया गया है। बचा राशि 68 लाख 40 हजार को रोबस्ट प्रोटेक्टिव फार्मिंग सॉलूशन्स के संचलाक रानी शर्मा , सुधाशु शर्मा, हिमाशु शर्मा के द्वारा पाली, नेट हाउस लगाने के नाम पर धोखाधड़ी की गई।

### सरकारी कर्मचारियों के लिए बनेंगे नए आवास

दुर्ग। जिला प्रशासन के अधिकारियों और बीएसपी प्रबंधन की संयुक्त बैठक मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सांसद विजय बघेल भी सम्मिलित हुए। नगर निगम रिसाली एवं भिलाई नगर और नगर पालिका परिषद अहिवारा में विकास कार्यों में प्रगति लाने अधिकारियों के बीच सकारात्मक चर्चाएं हुई। बीएसपी प्रबंधन ने निगम के विकास कार्या हेतु हर संभव आवश्यक पहल करने का भरोसा दिलाया। बैठक में एजेंडा अनुसार जिला न्यायालय दुर्ग न्यायालय भवन एवं अधिकारी/कर्मचारी आवास हेतु भूमि आवंटन। आई.आई.टी. भिलाई के स्टॉफ आवास हेतु भूमि आबंटन। वर्किंग वामेन्स हॉस्टल के लिए भूमि आवंटन करने के संबंध में।

# दुर्ग से राजधानी तक निकलेगी कांग्रेस की न्याय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राजीव भवन, दुर्ग में आज आगामी न्याय पदयात्रा को लेकर एक महत्वपूर्ण कांग्रेस बैठक आयोजित की गई। यह पदयात्रा 18 से 20 अप्रैल तक दुर्ग से रायपुर तक निकाली जाएगी और 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास घेराव किया जाएगा। बैठक में सभी विभागों और कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों को उनकी ज़िम्मेदारियाँ सौंप दी गईं। बैठक में दुर्ग शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के सभी प्रमुख नेता, कार्यकर्ता एवं संगठन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने बैठक में भावनात्मक रूप से कहा कि ₹दुर्ग की बेटी को इंसाफ दिलाना केवल एक संघर्ष नहीं, बल्कि हमारी आत्मा की आवाज़ है। यह पदयात्रा सत्ता में बैठे लोगों को जगाने का प्रयास है, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।₹ उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पदयात्रा में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में तय की गई इस पदयात्रा का उद्देश्य

- **दुर्ग से रायपुर तक न्याय पदयात्रा की तैयारियां जोरों पर, कांग्रेस की बैठक राजीव भवन में हुई**

प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चियों के खिलाफ़ बढ़ते अपराधों के खिलाफ़ जनजागरण करना है। हर 5 घंटे में एक मासूम पर अत्याचार प्रदेश के वर्तमान हालात की भयावहता को दर्शाता है। बैठक में दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर एवं दुर्ग शहरी जिलाध्यक्ष गया पटेल, पदयात्रा प्रभारी गुरुदयाल बंजारेश्री और सीमा वर्मा सहित कांग्रेस के सभी प्रमुख मोर्चों, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, पार्षदगण, पूर्व पार्षदगण, महिला कांग्रेस एवं ब्लॉक अध्यक्षगण— की सक्रिय उपस्थिति रही। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं में पूर्व महापौर आर. एन. वर्मा, पूर्व महापौर धीरेज बकलीवाल, जितेंद्र साहू, राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, अल्ताफ अहमद, मुकेश चंद्राकर, परमजीत सिंह भुई, प्रेमलता साहू, राजकुमार पाली, संदीप वोरा, पप्पू श्रीवास्तव, आसिफ अली, राय सिंह ढिकोला, फतेह सिंह भाटिया, संजय कोहले, उषा ठाकुर, बृजमोहन तिवारी, सौरभ ताम्रकार, जामुना साहू, शकुंतला धिमार, पिंकी झा, श्रद्धा सोनी, विकास सपेकर, निकिता सिंह, रत्ना नरमदेव, आनंद कपूर ताम्रकार, मंदीप भाटिया, निकिता मिलिंद, बृजेंद्र भारद्वाज, अनुप पाटिल, राजकुमार साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# बिना लाइसेंस के व्यापार करने वालों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि संज्ञान में यह बात आई है कि, अधिकांश करदाताओं के मृत्यु होने, प्रॉपर्टी विकय एवं प्रॉपर्टी कय (प्लैट/स्वतंत्र मकान) की स्थिति में निगम नामांतरण की प्रक्रिया नहीं कराने की स्थिति में प्रॉपर्टी मालिक का नाम टैक्स रसीद में सही दर्ज नहीं हो पाता है।

ऐसी स्थिति में निगम की ओर से मृतक प्रॉपर्टी मालिक के नाम से भी नोटिस, डिमांड इत्यादि जारी होता है, जो उचित नहीं है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारीयो को निर्देश दिए कि निगम सीमा क्षेत्र सभी दुकानदारों को लाइसेंस बनाना एवं लायसेंस रिनिवल कारवना अनिवार्य है। टीम दुकानों में जाकर जांच करें। यदि लायसेंस बनाये बिना व्यापार करते पाए जाते है तो टीम अमला द्वारा अधिकारियों के मौजूदगी में दुकान सील बन्द की कार्यवाही करें।बिना लाइसेंस के व्यापार करने वालो पर गिरेगी गाज,जांच में निकलेगी निगम,बिना लाइसेंस के व्यापार,दुकान सील करने की कार्यवाही करेंगी,अभियान शुरू। आयुक्त ने क्षेत्र में समस्त करदाताओं को अपील करते हुए कहा कि, 30 अप्रैल 2025 के पहले अपने प्रापर्टी का सही नामांतरण कर नगर निगम के टैक्स रसीद पर उचित नाम दर्ज कराना सुनिश्चित करें। ताकि किसी भी करदाता को डिमांड एवं नोटिस गलत नाम या मृतक के नाम से जारी न हो सके। बता दे कि दुकानदार के लिए लाइसेंस बनाना और उसका नवीनीकरण करवाना अनिवार्य है।

यदि वे बिना लाइसेंस के व्यापार करते हैं, तो निगम द्वारा दुकान को सील करने की कार्यवाही की जा सकती है। दुकानदार को अपनी दुकान या व्यवसाय के प्रकार के अनुसार संबंधित लाइसेंस प्राप्त करना होता है। यह लाइसेंस स्थानीय नगर निगम या अन्य संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाता है।

**सेवाभावी कार्यों के पूरे किए 3 हजार दिन, सेवा दिवस को यादगार बनाने पहल**

# 19 को मानव सेवा के साथ पशु-पक्षियों के लिए रखेंगे सकोरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जन समर्पण सेवा संस्था दुर्ग ने जरुरतमंदो को निःशुल्क भोजन सेवा के अलावा अन्य सेवाभावी कार्यों के 3 हजार दिन याने 8 वर्ष 3 माह का लंबा समय पूर्ण कर लिया है। इन सेवा कार्यों की खास बात रही कि यह सेवा कार्य 3 हजार दिनों में एक दिन भी कभी थमा नहीं। सेवा कार्यों में बराबर निरंतरता

- **40 युवा सदस्यों का यह सेवाभावी कार्य छग में अपने तरह का अनोखा बनाया रिकार्ड**

रही। संस्था के कुल 40 युवा सदस्यों का यह सेवाभावी कार्य छत्तीसगढ़ में अपने तरह का अनोखा रिकॉर्ड है। जो मानव सेवा की बड़ी मिशाल है। सेवा के इन 3 हजार दिनों को यादगार बनाने जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा 19 अप्रैल को मानव सेवा के साथ-साथ पशु-पक्षियों की सेवा करने का भी निर्णय लिया गया है। इस सेवाभावी कार्य के लिए पुराना बस स्टैण्ड में दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक भव्य कार्यक्रम का आयोजन




किया गया है। जिसमें भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों की चिंता करते हुए संस्था द्वारा उनके दाना-पानी के लिए शहर के पूरे 60वार्डों में प्रति वार्ड 8 नग कोटना और करीब 70 नग सकोरे का वितरण किया जाएगा। इसके लिए 450 की संख्या में कोटना और 4 हजार की संख्या में सकोरे तैयार करवाए गए है। जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा इस सेवाभावी कार्य में पार्षदों की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम में विधायक, महापौर और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। जिनके हाथों से पार्षदों को वार्डों के लिए कोटना व सकोरे प्रदान किए जाएंगे। जन समर्पण सेवा संस्था का मानना है कि भूखे को भोजन करवाना सबसे बड़ा मानव धर्म है। इस धर्म को इंगित करते हुए जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा शुरू की गई भोजन सेवा एवं गौ सेवा आज पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायी बन गई है। कोई भूखा ना सोए इस अनुकरणीय पहल के साथ 1 जनवरी 2017 से आज तक बिन रुके बिना किसी दिन नागा के प्रतिदिन दुर्ग रेल्वे स्टेशन एवं शहर के विभिन्न स्थानों में करीब 150-200 जरूरतमंद गरीब, असहाय, दिव्यांगजनों को संस्था द्वारा भोजन निरंतर करवाया जा रहा है। इस कार्य में संस्था के युवा साथियों के साथ अन्य स्वयंसेवक, धार्मिक एवं सामाजिक संस्था भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संस्था के इस नेकी कार्य में शहर एवं प्रदेश के दानदाता भी सहयोग देकर इस पुनीत कार्य का हिस्सा बन रहे है।

### संस्था का 3 हजार दिवस पूरा

इस संबंध में मंगलवार को मीडिया से चर्चा में जन समर्पण सेवा संस्था के प्रमुख योगेन्द्र शर्मा (बंटी) ने बताया कि संस्था के सेवा कार्य को शुरू किए 3000 दिवस पूर्ण हो गए है। जिसमें प्रतिदिन दुर्ग रेल्वे स्टेशन में एक साथ सभी गरीब, असहाय, विकलांगजनों को भोजन कराया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन भोजन के लिए आने वाले जरूरतमंद जब यहां पर भोजन कर जाते हैं तो दुआएं व आशीर्वाद दिए बिना नहीं रहते। ये दुआएं व आशीर्वाद यहां सेवा दे रहे लोगों में ऊर्जा का कार्य कर रहा है। इस सेवा कार्य में आमजन की भागीदारी निरंतर बढ़ती जा रही है। योजना शुरू करने के बाद से दानदाताओं का सहयोग निरंतर मिल रहा है।

### यह भी कार्य किए गए

इस सेवा के शुरू होने के बाद से रोजाना यहां लोग जरूरतमंद के बीच आकर उन्हें भोजन कराकर अपने खुशियों को दोगुना करते हैं। श्री शर्मा ने बताया कि 1 जनवरी 2017 से प्रारंभ की गई यह सेवा को तीन हजार दिन पूर्ण हो गए है। इस 3000 दिनों में संस्था द्वारा सभी के सहयोग से प्रतिदिन लगभग 150 से 200 गरीब, असहाय, एवं जरूरतमंदों को भोजन के साथ साथ साबुन, निरमा, तेल, दवाई. दूध, बिस्किट, कपड़ा एवं विकलांगों को ट्रायसिकल, बैशाखी, व्हीलचेयर, कम्मोट चेयर, ठंड से बचने के लिए कम्बल, कपडे, बर्तन एवं अन्य सामाग्री निशुल्क वितरण करते आ रही है। इन 3000 दिनों में संस्था द्वारा 96 बैसाखी, 53 ट्रायसिकल और लगभग 4800 से अधिक कम्बल वितरण किया जा चुका है। संस्था द्वारा शहर में पशु-पक्षियों के दाना-पानी के लिए घरों की छत में रखने के लिए लगभग 3 हजार से अधिक साकोरे एवं शहर के प्रमुख 300 स्थानों में कोटना रखा जाएगा। गौ माता को दुर्घटना से बचाव के लिए 1 हजार से ज्यादा रेडियम पट्टी संस्था द्वारा गौ माता के गले में पहनाई गई है। दीपावली पर्व में नए कपड़े, साड़ी, मिष्ठान, बच्चों को पटाखा, होली में रंग गुलाल एवं अन्य सभी पर्वों में उपयोग की जाने वाली जरूरत की सामग्री का वितरण कर खुशियां बांटी गई है।

## खबर संक्षेप

### गणित की उपयोगिता से वाकिफ हुए छात्र



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में बुधवार को प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में अंतर्विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। गणित की अतिथि व्याख्याता हनी ठक्कर ने छात्र-छात्राओं को दैनिक जीवन में गणित की उपयोगिता, महत्व तथा प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए गणित की तैयारी के संबंध में विस्तार से बताया। इसी क्रम में वनस्पति विभाग के अतिथि व्याख्याता हेमशंकर साहू ने छात्र-छात्राओं को पौधों के संरचनात्मक एवं कार्यात्मक भागों की जानकारी के साथ पौधों की विविधता और औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल हुए।

### लक्ष्मी और रितु कक्षा में प्रथम



**घुमका।** मुरमुंदा हाईस्कूल में गत दिनों कक्षा 9 वीं एवं 11वीं की परीक्षा के परिणाम घोषित किया गया। सरपंच मोंगरा वर्मा, उपसरपंच उमा नवरंगे, केवल वर्मा, हेमंत वर्मा, सुरेखा वर्मा एवं पालकों की उपस्थिति में छात्र छात्राओं को अंकसूची प्रदान की गई। कक्षा नवमी में लक्ष्मी वर्मा प्रथम, तनु वर्मा द्वितीय, कक्षा 11वीं कला संकाय में ऋतु यादव प्रथम और मनीष यदु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य रीता शर्मा ने बताया कि सरपंच मोगरा वर्मा ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप लंच बॉक्स प्रदान किया।

### पर्यावरण बचाना सबकी जिम्मेदारी




**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और संजय देवांगन के निर्देशन में विश्व वायुमंडल दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि विश्व वायुमंडल दिवस मनाने का उद्देश्य वायुमंडल के महत्व के प्रति लोगों में जनजागरूकता पैदा करना है। वायुमंडल हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन जीवन के लिए आवश्यक है वहीं ओजोन परत सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से रक्षा करती है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष श्री देवांगन ने बताया कि पर्यावरण में वायुमंडल का विशेष महत्व है। वायुमंडल से ही मौसमी घटनाएँ होती हैं और इसकी परतें धरती के तापमान को संतुलित रखती हैं। वायुमंडल प्रदूषण एक बड़ा खतरा बन गया है। कार्यक्रम में प्राध्यापक और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### पोषण पखवाड़ा में व्यंजन स्पर्धा




**गंडई पंडरिया।** पोषण पखवाड़ा अंतर्गत छिराहीडीह में मनोरंजक व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गौरी राजपूत, सतरूपा यादव, तीजकुंवर, राधा, दुलेश्वरी, जमुना निषाद, चैती निषाद और दुर्देश बुढ़ारिया ने विभिन्न पारंपरिक और पौष्टिक व्यंजन प्रस्तुत किए। इन व्यंजनों की प्रस्तुति आकर्षक थी साथ ही वह स्वाद और पोषण के मामले में उत्कृष्ट थे। कार्यक्रम में बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे क्षेत्र में 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को पोषण के महत्व से अवगत कराना है। छिराहीडीह में आयोजित व्यंजन प्रतियोगिता इसी दिशा में एक प्रयास था। आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी रही।

### शोभायात्रा में थिरके श्रद्धालु



**गंडई पंडरिया।** गंडई नगर में हनुमान जयंती के अवसर पर हिन्दू युवा मंच ने भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया। हिन्दू युवा मंच के पदाधिकारी, सदस्य और नगर के युवा मंगलवार को गंडई के प्राचीन राम मंदिर में एकत्रित हुए। यहां से विशाल शोभायात्रा का आगाज हुआ। शोभायात्रा में हनुमान, नव दुर्गा और अन्य देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। झांकी के साथ आकर्षक पोशाक धारण कर युवा चल रहे थे। शोभायात्रा के पीछे एक वाहन पर भगवान शिव की विशालकाय मूर्ति स्थापित किया गया था जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया था। भक्ति का रंग तब और गहरा हो गया जब शोभायात्रा के साथ चल रहे डीजे पर भक्तिमय गीत गूंजे जिसमे श्रद्धालु जमकर थिरकते नजर आए। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए तिरंगा चौक पहुंचकर समाप्त हुई। तिरंगा चौक पर धार्मिक गीतों के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### परीक्षा परिणाम घोषित

**सोमनी।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 वीं एवं 11वीं के परीक्षा परिणाम 11 अप्रैल को घोषित किया गया। कक्षा 11वीं कला संकाय में हिमानी कुर्रे प्रथम, उन्नयन बघेल द्वितीय, मोनिका सोनकर तृतीय, विज्ञान संकाय में रोशनी प्रथम, मोनिका चक्रधारी द्वितीय, पायल तृतीय, वाणिज्य संकाय में विनीता साहू प्रथम, प्रतिभा साहू द्वितीय एवं भानुप्रताप निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 9वीं में डिगेश साहू प्रथम, वमनकुमार साहू द्वितीय एवं पूर्वांशी यादय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य आई कोर्राम ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी। प्राचार्य ने आगामी 1 से 15 मई तक संस्था में प्रतिदिन सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, नैतिक एवं बौद्धिक विकास के लिए समर-क्लास लगने की जानकारी दी। इस मौके पर परीक्षा प्रभारी पूर्णिमा चौबे, एसके साहू, निर्मला राजपूत, गरिमा शुक्ला, ललिता पगारे, प्रभात साहू, गंगाधर गुरु, मीनाक्षी श्रीवास्तव, सीमासिंह, किरन राणा, श्वेता रामटेके आदि मौजूद थे।

## भाजपाइयों की नहीं सुन रहे अधिकारी, कार्रवाई करने से भी परहेज

# नदियों को छलनी कर रहे रेत तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



पंचायत और निकाय चुनाव के बाद विकास में तेजी आने की उम्मीद की जा रही थी किन्तु विकास का पहिया आगे बढ़ता नहीं दिख रहा है बल्कि जन प्रतिनिधियों और अधिकारियो की शह पर खनिज संपदा की लूट शुरू हो गई है। शहर के आसपास स्थित नदियों से बेखौफ होकर रेत का खनन और परिवहन किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार नगर से लगे करियाटोला, मटिया, बगदई, साल्हे और आसरा से रेत का बेरोकटोक खनन और परिवहन किया जा रहा है। इस आशय की शिकायतें राजस्व और खनिज विभाग में पहुंच रही हैं परन्तु अधिकारी दफ्तर से बाहर आकर कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। कहा जा रहा कि पंचायत और निकाय चुनाव के बाद बहुसंख्यक जनप्रतिनिधि रेत कारोबार में परोक्ष अपरोक्ष रूप लिप्त हो गए हैं। जनप्रतिनिधियों की संलिप्तता और निजी हित सधने के कारण खनिज और राजस्व विभाग के अधिकारी कार्रवाई करने से परहेज कर रहे हैं।

**फिर बन गया रास्ता**



जानकारी के अनुसार हाल के दिनों में भाजपा नेताओं ने करियाटोला से रेत की निकासी पर अंकुश लगाने के लिए शिवनाथ नदी में बनाए गए रैम्प को जेसीबी से तुड़वा दिया। इस कार्रवाई के बाद सवाल यह खड़ा हो गया है कि यह कार्रवाई करियाटोला तक ही सीमित क्यों? मटिया और साल्हे से निकल रही रेत को बचाने के लिए क्यों कार्रवाई नहीं किया जा रहा हैं।

#### गरीबों के नाम पर निकासी

जानकारी के अनुसार शहर के आसपास की नदियों से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो के नाम पर रेत का खनन और परिवहन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो को रेत का खनन कर छोटे वाहन से परिवहन करने की छूट मिली हैं किन्तु विभिन्न नदियों से जेसीबी से रेत को लोड कर हाइवा, माजदा और ट्रेक्टर से परिवहन किया जा रहा है। जितनी संख्या में आवास बनाए जा रहे उसकी तुलना में विभिन्न नदियों से कहीं अधिक मात्र में रेत का खनन किया जा चुका है। करियाटोला, मटिया, साल्हे, बगदई, आसरा से अब तक निकाली गई रेत का सत्यापन किया जाए तो रेत तस्करी का बढ़ा खुलासा होगा, पर सवाल यह है

#### एक कर्मचारी ऐसा भी

जानकारी के अनुसार खनिज संपदा की चोरी रोकने विभाग ने चेक पोस्ट लगा रखा है। चेक पोस्ट की स्थिति यह है कि यहां पदस्थ कर्मी घर बैठे पगार ले रहा है और रिटायर कर्मचारी उसकी जगह डयूटी कर रहा है। रिटायर कर्मी को पदस्थ कर्मी अपने वेतन से मानदेय का भुगतान करता है।

#### कांग्रेस करेगी अधिकारियों का घेराव

रेत के अवैध खनन और परिवहन में लिप्त रहे लोग इन दिनों उगाही करने के लिए कार्रवाई करने का ढोंग कर रहे हैं। दुर्भाग्य जनक है कि सत्ता का बेजा फायदा उठाते हुए सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कांग्रेस का दल शीघ्र ही नदियों में जाकर जायजा लेगा और अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया जाएगा। अधिकारी कार्रवाई नहीं करते हैं तो कांग्रेस के कार्यकर्ता उनका घेराव करेंगे। - **दलेश्वर साहू,** विधायक

### ग्रामीणों से मिले जनप्रतिनिधि



**सड़क अतरिया।** भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता गांव एवं घर पहुंच कर ग्रामीणों को मिल रही सुविधा का जायजा लेने के साथ समस्याओं का अवलोकन कर रहे हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ निर्वाचन क्षेत्र के गांवों में पहुंच कर ग्रामीणों से मुलाकात किया। पदमावतीपुर में इस दौरान जिला मंत्री जनेंद्र जंघेल एवं मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर उपस्थित थे। शुरूवात में बूथ कमेटी की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने, गरीबी उन्मूलन योजनाओं से अवगत कराया गया। इस दौरान वह प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, उज्जवला गैस, वृद्धा पेंशन, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं के हितग्राहियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। पेयजल व्यवस्था का जायजा लेकर सार्थक पहल करने पर विचार किया। उन्होंने पदमावतीपुर से खोगा मार्ग पर बन रही पुलिया का निरक्षण किया। इस मौके पर सोसायटी अध्यक्ष सीताराम नेताम, नेहरू जंघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

## छात्राओं को हेल्थ केयर का प्रशिक्षण



**डोंगरगांव।** स्थानीय पीएमश्री स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम अंतर्गत हेल्थ केयर की छात्राओं को गत दिनों 10 दिनों तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हेल्थ केयर का इंटर्नशिप कराया गया। इस इंटर्नशिप के बाद छात्राएं आकस्मिक परिस्थिति में प्रारंभिक उपचार कर लोगों की सेहत का ख्याल रख सकती हैं। उल्लेखनीय है कि पीएम श्री आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल में तीन साल से व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा हैं। इस अवधि में करीब 150 छात्राओं को हेल्थ केयर और आईटी का प्रशिक्षण दिया जा चुका हैं। इसी कड़ी में बीते दिनों छात्राओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ ने बीएमओ डॉ रागनी चंद्रे के मार्गदर्शन में प्राथमिक उपचार करने के बारे में बताया। इन छात्राओं ने आकस्मिक स्थिति में प्राथमिक उपचार, ब्लड टेस्ट, इंजेक्शन लगाना, बेड मेकिंग, ड्रेसिंग करने के बारे न सिर्फ जाना बल्कि प्रेक्टिकल भी किया। इंटर्नशिप के बाद छात्राओं को गत दिनों बीएमओ रागिनी चंद्रे, प्राचार्य बीएल देवांगन एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक सलूजा राजपूत की उपस्थिति में सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

# मुख्यालय में नहीं रहते स्वास्थ्य कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया




ग्राम पंचायत सड़क अतरिया सहित आसपास के स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ कर्मचारी आवास नहीं होने से परेशान है। मंगलवार को पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रस्ताव पारित कर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को आवेदन सौंप कर सड़क अतरिया में निवास रखने की मांग किया है। जानकारी अनुसार बीते कुछ साल से ग्राम के स्वास्थ केन्द्र में आरएचओ देवानंद भगत पदस्थ हैं जो मुख्यालय में नहीं रहते हैं। मासिक टीकाकरण या अन्य कार्य दिवस ही उनकी मौजूदगी होती है जिससे मरीजों को समुचित सुविधा नहीं मिल पाती है।

ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ कर्मचारी के नहीं होने पर मरीजों को उपचार कराने के लिए छुईखदान या गंड़ई स्वास्थ केन्द्र जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने स्वास्थ कर्मचारी ग्राम में निवास करने हेतु निर्देशित करने की मांग किया है। स्वास्थ केन्द्र में स्वास्थ कर्मचारी आशा देवांगन है जो सेक्टर का काम संभाल रही है। आरएचओ की अनुपस्थिति में केन्द्र पहुंचे मरीजों को स्वास्थ सुविधा मुहैया कराती है। आवेदन सौंपने के दौरान सरपंच सोनम वैष्णव, उपसरपंच धनेश जंघेल, पंच अश्वनी वैष्णव, उत्तरकुमार जंघेल, मिथिलाबाई, संतोषी जंघेल, मेलन, कल्पेश कुमार, सुरेन्द्र जंघेल, लीलाबाई, कुमारीबाई, मेलन, बसंत जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

#### भवन जर्जर, निर्माण की मांग

जानकारी अनुसार यहां का स्वास्थ केन्द्र पांच दशक पुराना है जो जर्जर हो गया है। दीवारें फट चुकी है। बरसात होने पर केन्द्र के बाहर दो से तीन फीट पानी भरा रहता है। छत से पानी टपकता है। लंबे समय से भवन का जीर्णोद्धार नहीं हुआ है। केन्द्र में सुलभ व्यवस्था काफी गंभीर स्थिति में है जिससे प्रसव के लिए पहुंची महिलाएं परेशान होती हैं। ग्रामीणों ने नया भवन बनाने की मांग किया है।

## आयोजनों में शामिल हुए बौद्ध अनुयायी, बाबा साहब को किया पुण्य नमन

# आंबेडकर जयंती पर निकाली शोभायात्रा, भीम गीतों की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान








भारतीय बौद्ध महासभा के नेतृत्व में जिला स्तरीय आंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया। बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष संतोष कामडे के नेतृत्व में सुबह मोटर साइकिल रैली निकालकर नगर भ्रमण करने के बाद शाम को बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक उपासिकाओं ने पैदल जुलूस निकाला। रैली आंबेडकर भवन से निकलकर अलग-अलग मोहल्ले में भ्रमण करने के पश्चात वापस आंबेडकर भवन पहुंची। समाज के जिला अध्यक्ष और अतिथियों ने संविधान निर्माता डॉ बीआर आंबेडकर तथा बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। लोगों ने द्वारा सामूहिक त्रिशरण और पंचशील का पाठ किया। इस मौके पर राजा गिरिराज किशोर दास वैष्णव, संजय महोबिया, सज्जाक खान, नवनीत जैन, मंसाराम सीमकर, मधुकर चौखंदे, उत्तम बागडे, संतोष कामडे, अमृता कांडे सहित अन्य उपस्थित थे। इस मौके पर कांग्रेस नेता संजय महोबिया ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने ऊंच नीच की भेदभाव मिटा कर अच्छा संदेश दिया है। जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष सज्जाक खान ने कहा कि डॉ. आंबेडकर जैसा पढ़ा लिखा व्यक्ति अब कोई नहीं है। उन्होंने 32 डिग्री हासिल की और उन्हें 34विषयों में महारत हासिल किया था। नवनीत जैन ने आंबेडकर को सुलझा व्यक्ति बताया जिन्होंने समाज को संगठित करने का प्रयास किया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास वैष्णव ने बाबा साहेब को अनुकरणीय बताते हुए नमन किया। उन्होंने सभी से बाबा साहब के रास्ते पर चलने और नाम रोशन करने का आव्हान किया। संचालन रवि बसोड़ और आभार प्रदर्शन मंशाराम सिंमकर ने किया।

**खुज्जी।** ग्राम दर्री और बेंदरकट्टा में भारत रत्न डॉ अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। गांववासियों ने एकजुट होकर बाबा साहब की पूजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। गांव में झांकी रैली का आयोजन किया गया जिसमें शामिल हुए भीम गीतों में झूमते नजर आए। झांकी के माध्यम से बाबा साहब के जीवन, संघर्ष, संविधान निर्माण में योगदान और सामाजिक न्याय के संदेश को दर्शाया गया। ग्राम भ्रमण के दौरान लोगों ने फूल वर्षा कर रैली में शामिल लोगों का स्वागत किया।

**रामाटोला।** धनडोंगरी में आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाया गया। परित्राण पाठ कर कार्यक्रम शुरु किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोडापे, पूर्व अध्यक्ष भरत वर्मा, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, पूर्व जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह, सदस्य महेश सेन, सरपंच दया चंद्रवंशी, नेमु नारंग, संतोष अंबादे आदि शामिल हुए। इस दौरान छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मानिकपुर में बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाया गया। पूजा अर्चना कर ग्राम में रैली निकाली गई। बच्चों ने डांस प्रस्तुत किया। अतिथियों के स्वागत में गीत पेश किया गया। सामाजिकजनों ने अतिथियों को जय भीम के गमछा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक दलेश्वर साहू, जिपं सदस्य प्रशांत कोडापे, पूर्व अध्यक्ष भरत वर्मा, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, भावेश सिंह, महेश सेन, जयश्री साहू, सरपंच दयाराम चन्द्रवंशी, नेमु नारंग, मीना साहू आदि शामिल हुए। अंत में भोजन भंडारा का आयोजन किया गया।

#### लोगों ने याद किया योगदान



**पटेवा।** संविधान पुरोधा बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर इरईकला में पूजा-अर्चना किया गया। सरपंच ललित साहू ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक सोच रखकर उन्होंने संविधान में कई ऐसी बिंदुओं का समावेश किया जिससे सबको समानता का अधिकार मिला। इस मौके पर भाजपा घुमका मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सरपंच ललित साहू, श्यामलाल साहू, संतोष सायटोंडे आदि मौजूद थे।

### डॉ. आम्बेडकर की देन पर व्याख्यान



**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में एमए राजनीति विज्ञान विभाग ने मंगलवार को अम्बेडकर जयंती के अवसर पर अंतर विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य वक्ता अतिथि व्याख्यता डॉ ओपी कौशिक थे। उन्होंने दलित समाज को डॉ. अम्बेडकर की देन विषय पर विचार व्यक्त करते हुए बताया कि डॉ. अम्बेडकर ने देश सेवा के साथ भारत में शिक्षा, समानता, स्वतंत्रता और जातिगत भेदभाव, छुआछूत से परे एक जागरूक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अतिथि व्याख्याता असित साहू ने संविधान निर्माण में बाबा साहब के योगदान की जानकारी दी। संचालन एवं आभार प्रदर्शन शेषराम गोरे ने किया। इस अवसर पर टीएल वर्मा, शुभम दुबे, दीपांशु यादव, शिल्पी देवांगन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागवार की समीक्षा

# मिले आवेदनों के निराकरण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए।

कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त विभागवार आवेदनों के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर विभागवार मिले आवेदनों की समीक्षा करते हुए प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता व संवेदनशीलता पूर्वक निराकरण करना सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पोर्टल पर सभी आवेदनों को शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने और आवेदनों के निराकरण की वस्तुस्थिति की रिपोर्ट रोज प्रस्तुत करने कहा।

इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निपटारा करने कहा। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत और अन्य प्राप्त पत्रों के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ व एडीएम प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर साहू, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### मोर दुआर साय सरकार अभियान पर की चर्चा

जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मोर दुआर साय सरकार अभियान शुरू हो गया है, जो 30 अप्रैल तक चलेगा। शासन द्वारा सभी को आवास मिले, इसके लिए आवास प्लस सर्वे में पात्रता के दायरे को बढ़ाया गया है, जिससे हर किसी के घर का सपना पूरा हो सके। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को आवास प्लस सर्वे का कार्य को अच्छे से करने का निर्देश दिया ताकि कोई भी पात्र हितग्राही छूटने न पाए।

### कलेक्टर ने सुनी जनता की समस्याएं

साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनी और आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। कलेक्टर से लोगों ने मुलाकात कर निजी व सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया जिस पर उन्होने संबंधित आवेदनों को त्वरित निराकरण करने का निर्देश जारी किया। साप्ताहिक जनदर्शन में पीएम आवास, खाद्य विभाग, अवैध कब्जा संबंधित सहित अन्य आवेदन मिले थे। कलेक्टर ने आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर आवश्यक कार्रवाई करने कहा।

### तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के बदले प्रभार

जिले में प्रशासनिक कसावट लाने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के पदस्थापना में परिवर्तन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के 4 तहसीलदार और 2 नायब तहसीलदारों के प्रभार में फेरबदल किया गया है। जहां गंडई तहसीलदार आशीष देवहारी को खैरागढ़ और खैरागढ़ तहसीलदार मोक्षदा देवांगन को छुईखदान तहसीलदार की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी तरह छुईखदान तहसीलदार नेहा ध्रुव का प्रभार बदलते हुए उन्हें साल्हेवारा तहसीलदार बनाया गया है जबकि साल्हेवारा तहसीलदार प्रीतम सिंह चौहान को गंडई का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा खैरागढ़, छुईखदान और साल्हेवारा तहसीलदार को सम्बंधित तहसीलों के नायब तहसीलदार का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। मोहन लाल झारिया को नायब तहसीलदार गंडई और छुईखदान व गंडई तहसील के नायब तहसीलदार इंद्रराम चन्द्रवंशी को उपतहसील जालबांधा की जिम्मेदारी दी गई है।

# इन्द्र वृष्टि यज्ञ में गूंजा जल संकट का स्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

■ आहुतियों के संग उठी सामूहिक चेतना की पुकार



श्रीराम मंदिर परिसर में जारी नौ दिवसीय पर्जन्य यज्ञ के चौथे दिन बुधवार को आहुतियों के साथ नवागढ़ नगर में व्याप्त भीषण जल संकट से उबरने की सामूहिक प्रार्थना की गई। जन-जन की सहभागिता और आस्था के इस अनुष्ठान ने यज्ञ को केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे एक पर्यावरणीय जागरूकता अभियान का रूप दे दिया।

यज्ञ के प्रमुख संरक्षक महंत सुरेन्द्र दास वैष्णव ने कहा कि नवागढ़ अब जल संकट के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। यह संकट केवल शासन प्रशासन की उदासीनता का नहीं, समाज की चेतना के पतन का भी संकेत है। उन्होंने कहा कि यह यज्ञ धर्म का अनुष्ठान होने के साथ-साथ हमारी करुण पुकार है – सुख चुके कुओं, मुरझा चुके खेतों और प्यासे घरों से। यदि हमने अभी भी प्रकृति से तालमेल नहीं बिठाया तो परिणाम भयावह होंगे।

पर्जन्य यज्ञ के यज्ञाचार्य पं. रविन्द्र शर्मा ने कहा कि वैदिक परंपरा में इन्द्र और वरुण का आह्वान केवल वर्षा के लिए नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन की पुनः स्थापना के लिए होता है। उन्होंने कहा कि जब पूरा समाज एक संकल्प के साथ यज्ञ करता है, तब सृष्टि भी प्रतिक्रिया देती है। यही सनातन परंपरा की शक्ति है। यज्ञ के आयोजकों ने बताया कि 18 अप्रैल को शिव महारुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा, वहीं 21 अप्रैल को यज्ञ का समापन विशेष संतवाणी और भंडारे के साथ होगा। यज्ञ में शामिल युवाओं और स्वयंसेवी संगठनों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया। आयोजन समिति ने अपील की कि प्रत्येक घर वर्षा जल संग्रहण की व्यवस्था करे और प्रशासन पर दबाव बनाए कि वह दीर्घकालिक जल संरक्षण योजनाओं पर गंभीरता से काम करे।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा ने नवाचारी शिक्षिका शीतल का किया सम्मान

**बेमेतरा।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़, रहटादाह द्वारा दो दिवसीय 61वां महाअधिवेशन एवं त्रैवार्षिक चुनाव भिलाई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के केंद्रीय पदाधिकारियों सहित विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिवेशन के दौरान समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए शासकीय प्राथमिक शाला, मगरघटा विकासखंड नवागढ़ की शिक्षिका शीतल बैस को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। शीतल बैस को पूर्व में भी 'जिला उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान', 'विकासखंड उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान', 'मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षा दूत सम्मान', 'राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान' सहित कई सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### नियमों के उल्लंघन पर 15 वाहन चालकों का चालान



**बेमेतरा।** पुलिस ने मंगलवार को जिलेभर में अवैध गतिविधियों पर नकेल कसते हुए कई बड़ी कार्रवाई की। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 15 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 4,600 रुपये समन शुल्क वसूला गया। इनमें 3 बिना सीट बेल्ट, 1 बिना हेलमेट और 12 अन्य चालकों पर नियम उल्लंघन के मामले शामिल हैं। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध कोटपा एक्ट के तहत 21 प्रकरण दर्ज किए गए। इसमें थाना बेमेतरा से 10, खण्डसरा से 5 और देवरबीजा से 6 प्रकरण शामिल हैं। माईनर एक्ट के तहत 6 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने और सुविधा देने के 2 मामलों में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### दर्जनों गांव में जल संकट टैंकर से पानी की सप्लाई

**मुसराकला।** डोंगरगढ़ विकासखंड के दर्जनों गांवो में पानी की कमी के कारण लोगों को भटकना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत कातलवाही, छिपा, कोलिहापुरी, मुंदगाव, आरबीरा, झिटिया सहित अन्य गांवों का वाटर लेवल बहुत नीचे चला गया जिससे कुएं सूख गए है। हैंडपंप से पानी नहीं निकल रहा है। पानी के लिए ग्रामीण टैंकर पर निर्भर हो गए हैं। ग्राम पंचायत छिपा में सर्वाधिक जल संकट देखा जा रहा है। पहली बार ऐसा हुआ है कि पानी दूसरे गांव से आ रहा है। ग्राम डोडकी से रोजाना 14 से 15 टैंकर पानी आ रहा है। छिपा और डोडकी के सभी बोरिंग एवं नल जल सोजना का पंप बंद हो गया है। बीते 54 दिनों से टैंकर से पानी लाकर ग्रामीणों को पिलाया जा रहा है।

पेज 11 का शेष

### भाजपा नेता पर ...

भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 69 (दुष्कर्म), 296, 351, 115 सहित एससी एसटी एक्ट की धाराओं 3(5) और 3(2)(5) के तहत केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और जांच जारी है। नगर में आंदोलन की तैयारी शुरू हो गई है और आरोपी को शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पद से हटाने की मांग उठ रही है। फिलहाल आरोपी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# कस्तूरबा विद्यालय में नेत्र जांच शिविर



**बेमेतरा।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मंगलवार को नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर लीनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा मेन द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बेमेतरा के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में विद्यालय की अधीक्षिका भारती घृतलहरे एवं समस्त स्टाफ का भरपूर सहयोग मिला। इस दौरान 100 से अधिक छात्राओं की आंखों की जांच की गई। जांच में जिन छात्राओं को चश्मे की आवश्यकता पाई गई, उन्हें क्लब द्वारा निशुल्क चश्मे प्रदान किए जाएंगे। नेत्र जांच का कार्य सहायक अधिकारी ओंकार चंद्राकर, लवकुश पटेल एवं विनोद कुमार साहू द्वारा किया गया। शिविर के दौरान लीनेस क्लब की अध्यक्ष शशि तिवारी सहित रश्मि ताम्रकार, ललिता साहू, पार्वती दुबे, डॉ. नेहा वर्मा, पिंकी नेमा एवं रानी रवानी उपस्थित रहीं। विद्यालय की अधीक्षिका भारती घृतलहरे ने लीनेस क्लब प्रेरणा मेन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह शिविर बालिकाओं के स्वास्थ्य और भविष्य की दृष्टि से एक सराहनीय पहल है।

# रानो स्कूल में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

■ बच्चों ने संस्था को छत्तीसगढ़ी आभूषण करधन, कलगी और बांद भेंट किए

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, रानो में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन शाला की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन के प्रयासों से माध्यमिक विभाग में पहली बार संपन्न हुआ। कक्षा छठवीं और सातवीं के बच्चों ने अपने वरिष्ठ भाई-बहनों को बॉटल भेंट कर विदाई दी।

विदाई के इस अवसर पर कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने अपनी संस्था को छत्तीसगढ़ी पारंपरिक आभूषण करधन, कलगी और बांद उपहार स्वरूप प्रदान किए, ताकि आने वाले समय में उनके छोटे भाई-बहन इनका उपयोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कर सकें। इस मौके पर प्रतीक जैन ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में कैसी भी परिस्थिति क्यों न आए, अपने लक्ष्य की ओर हिम्मत और संकल्प के साथ निरंतर बढ़ते रहना चाहिए।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रधानपाठक किशुन राम साहू, संकुल समन्वयक सरोज कुमार यदु, कनकलता सरसुधे और प्रतीक जैन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पात्र हितग्राहियों से 30 अप्रैल तक पंजीयन कराने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

■ आवास प्लस 2.0 एप से हो रहा सर्वे

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पात्र लेकिन वंचित ग्रामीण परिवारों की पहचान के लिए जिले में विशेष आवास सर्वे किया जा रहा है। यह सर्वे 30 अप्रैल तक आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से किया जा रहा है।

मोर दुआर, साय सरकार महाभियान के तहत 15 से 30 अप्रैल तक विशेष आवास सर्वेक्षण पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसके पहले चरण में 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर जिले के ग्राम घाटपदमपुर से राज्य स्तरीय शुभारंभ किया। इसी क्रम में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बेमेतरा जिले के ग्राम पंचायत नांदघाट में दो हितग्राहियों के घर पहुंचकर आवास सर्वे किया। मंत्री बघेल ने पात्र हितग्राहियों से 30 अप्रैल से पहले पंजीयन कराने की अपील की है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल ने बताया कि 17 अप्रैल को विधायक व सांसद, 18 को जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्य और 19 अप्रैल को जनपद सदस्य चिन्हित परिवारों का सर्वे करेंगे। सीईओ अग्रवाल ने यह भी स्पष्ट किया कि 30 अप्रैल के बाद सर्वे प्रक्रिया बंद कर दी जाएगी। ऐसे में जो भी हितग्राही पात्र हैं, वे समय रहते ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक या आवास मित्र से संपर्क कर पंजीयन करवा लें।पात्र हितग्राही लिंक से एप डाउनलोड कर स्वयं भी सर्वे कर सकते हैं।

# नशे के शिकंजे से बच्चों को दूर रखने करें कार्य : कलेक्टर

## स्कूल के समीप मादक पदार्थों की बिक्री पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 8 से 22 अप्रैल तक आयोजित पोषण पखवाड़ा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि एक युद्ध नशे के विरूद्ध अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, आबकारी विभाग, शिक्षा विभाग एवं नगरीय निकाय विभाग संयुक्त रूप से स्कूलों के आसपास गुटखा, तम्बाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चे जो नशे के शिकंजे में फंस गए हैं, उनके पुनर्वास की जरूरत है। यह बहुत जरूरी है कि बच्चे नशे की ओर प्रवृत्त नहीं हो, इसके लिए टीम बनाकर कार्य करें। तम्बाकू, गुटखा एवं अन्य मादक पदार्थों की बिक्री पर कोटपा अंतर्गत कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोषण पखवाड़ा अंतर्गत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पोषण पखवाड़ा अंतर्गत बच्चों के स्वास्थ्य, पौष्टिक आहार के संबंध में जनसहभागिता से कार्य करने कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता है। इस अवसर पर सभी ने बच्चों के सुपोषण के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### पोषण पखवाड़े का समापन 22 को

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरप्रीत कौर ने बताया कि जिले में पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 22 अप्रैल को पोषण पखवाड़े का समापन किया जाएगा। इसके अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य से संबंधित कैलेंडर का पालन करते बच्चों के लिए विविध जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में जीवन के प्रथम 1000 दिवस अंतर्गत गर्भवती माताओं को पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी जाएगी। पोषण ट्रैकर के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों की मानिटरिंग की जा रही है। पोषण भी पढ़ाई भी की थीम पर जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्य किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा के तहत साइकिल रैली, बाइक रैली, पोषण रथ एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कुपोषण का प्रबंधन, बच्चों में मोटापे की रोकथाम, हमर स्वस्थ लईका, एनिमिया जागरूकता के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी एवं शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### साइंस कॉलेज में मनी आंबेडकर जयंती

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती 16 अप्रैल को प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन व रासेयो के तत्वावधान में मनाया गया। डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन के पश्चात प्राचार्य डॉ. उमरे ने भारत के संविधान के उद्देशिका का वाचन किया। उपस्थित लोगों ने खड़े होकर शपथ लिया। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नौजे ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार ने संविधान में नागरिकों को समान अधिकार, स्वतंत्रता, शिक्षा, रोजगार और न्याय की गारंटी प्रदान करवाई, उनका पूर्ण विश्वास था कि संविधान के जरिये समाजिक परिवर्तन लाया जा सकता है।

# शिक्षक शांतकुमार पटेल ने करवाया न्यौता भोज



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला, लालपुर में शिक्षक शांत कुमार पटेल ने अपनी सुपुत्री यतिका पटेल के जन्मदिवस पर नेवता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। संकुल समन्वयक सतीश कुमार कुर्रे ने बताया कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत समुदायिक सहभागिता से ऐसे आयोजनों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो पोषण के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी प्रोत्साहित करता है। उपस्थित सभी जनों ने शिक्षक शांत कुमार पटेल को शुभकामनाएं दीं।

